an>

Title: Demand to procure paddy through NAFED in Maharashtra.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । आप सभी जानते हैं कि इस साल महाराष्ट्र में बेमौसम बरसात और ज्यादा बरसात होने से हमारे किसानों को काफी नुकसान हुआ है ।

13.00hrs

इस परिस्थिति में भी हमारे विदर्भ क्षेत्र में धान का जो उत्पादन हुआ है, वह अच्छी तरह से हुआ है, लेकिन पिछले साल की तुलना में उत्पादन कम हुआ है । मैं आपको बताना चाहूंगा कि आज नाफेड के माध्यम से धान की खरीद नहीं हो रही है । पिछले साल एमएसपी का रेट 1,860 रुपये था । इस समय एमएसपी का रेट 1,940 रुपये है । अगर महाराष्ट्र की प्रोडक्शन कॉस्ट निकालेंगे, तो वह काफी महंगी होती है । इसलिए लास्ट इयर नाफेड ने परचेज़ करने के बाद 700 रुपये का एक्स्ट्रा बोनस दिया था । अब धान का उत्पादन हो गया है, लेकिन नाफेड के माध्यम से अभी तक खरीद शुरू नहीं की गई है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि नाफेड ने पिछली बार जो 700 रुपये का बोनस दिया था, इस बार 1,000 रुपये का बोनस देकर सरकार नाफेड के माध्यम से यह पूरी खरीद करे । धन्यवाद । … (व्यवधान)

माननीय सभापति : राऊत साहब, आप प्लीज़ अपनी स्लिप भेज दीजिए ।

… (व्यवधान)